**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 1789**
**गुरुवार, 5 दिसंबर, 2024/14 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## उड़ानों का संचालन

**1789. श्री देवेश चन्द्र ठाकुर:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में निजी विमान कंपनियों सहित संचालित विमान कंपनियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में निजी विमान कंपनियों को प्रचालन की अनुमति प्रदान करने के संबंध में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की नीति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या निजी विमान कंपनियों के प्रचालनों की निगरानी के लिए नागर विमानन महानिदेशालय के दिशानिर्देशों के साथ-साथ कोई निगरानी नीति है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): अनुसूचित एयरलाइनों की सूची अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।
(ख): नागर विमानन मंत्रालय वायुयान अधिनियम, 1937 के नियम 134 और अनुसूची XI के प्रावधानों के अनुसार, अनुसूचित/अनुसूचित कम्यूटर हवाई परिवहन सेवा शुरू करने के लिए किसी भी संभावित एयरलाइन प्रचालक को प्रारंभिक अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रदान करता है।
मंत्रालय से प्रारंभिक अनापत्ति प्रमाणपत्र के आधार पर, डीजीसीए सभी प्रयोज्य विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के बाद एयरलाइन प्रचालकों को एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (एओसी) प्रदान करता है।
(ग) और (घ): सभी एयरलाइन प्रचालक वार्षिक निगरानी योजना के अनुसार निरन्तर निगरानी और निरीक्षण के अध्यधीन हैं, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:
निगरानी गतिविधियाँ (नियोजित निरीक्षण)
विनियामक संपरीक्षा (नियोजित संपरीक्षा)
रैम्प संबंधी जाँचें (नियोजित निरीक्षण)
स्पॉट संबंधी जांच (अनियोजित निरीक्षण)

******

**अनुलग्नक**

**दिनांक 26.11.2024 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित एयरलाइनों की सूची**

| क्र. सं. | अनुसूचित प्रचालक |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 1. | एअर इंडिया लिमिटेड (एअर इंडिया) |
| 2. | एअर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड (एलाइंस एयर) |
| 3. | एलाइंस एयर एविएशन लिमिटेड (एलाइंस एयर) |
| 4. | ब्लू डार्ट एविएशन लिमिटेड (ब्लू डार्ट)–कार्गो |
| 5. | इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो) |
| 6. | क्विकजेट कार्गो एयरलाइंस प्राइवेट लिमिटेड ( क्विकजेट ) – कार्गो |
| 7. | एसएनवी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड ( अकासा एयर) |
| 8. | स्पाइस जेट लिमिटेड (स्पाइस जेट) |
| | **अनुसूचित यात्री प्रचालक** |
| 9. | बिग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई बिग) |
| 10. | जीएसईसी मोनार्क एण्ड डेक्कन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड ( इंडियावन एयर ) |
| 11. | घोडावत एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (स्टार एयर) |
| 12. | जस्ट उड़ो एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई 91) |